Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to give compensation and employment to farmers whose land had been acquired for setting up of power plant in Shahdol Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल) : माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । वर्ष 2009 में मेरे संसदीय क्षेत्र शहडोल के अंतर्गत मोज़र बेयर पावर प्लांट की स्थापना की गई थी, जिसके तहत जैतहरी, गुआरी, अमगवां, लहरपुर, मुर्रा, क्योटार, रोहिला, कछार, धुरवासीन, पड़ौर गावों के अनेक किसानों की भूमि का कंपनी द्वारा अधिग्रहण किया गया था । पावर प्लांट की स्थापना के बाद कई राज्यों को विद्युत सप्लाई की जा रही है, किन्तु किसानों को कंपनी के द्वारा न तो उचित मुआवजा दिया गया है और न ही रोजगार दिया गया है । आज की तारीख तक उनके जीवनयापन की कोई व्यवस्था नहीं हुई है और न ही रोजगार का कोई साधन है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से सरकार के समक्ष यह मांग रखती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र शहडोल के ऐसे भू-आश्रित किसान परिवारों को जल्द से जल्द उचित मुआवज़ा व रोजगार प्रदान किया जाए । धन्यवाद ।